an>

Title: Observation regarding visit of Indian Parliamentary Delegation to Russian Federation from 10 to 14 July, 2017.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को यह सूचित करना है कि रूसी संघ की संसद के निमंतृण पर मैंने 10 से 14 जुलाई, 2017 तक रूसी संघ के दौरे पर गए भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व किया। दौरे के समय शिष्टमंडल ने रशियन फेडरेशन नेतृत्व के साथ व्यापक चर्चाएं कीं। इसी दौरान इंडियन-रशियन फेडरेशन इंटरपार्लियामेंट्री कमीशन के साथ भी एक बैठक हुई। समय की कसौटी पर खरी उतरी हमारी मितृता के पृति अथाह सम्मान स्वरूप कमीशन फेडरेशन पार्लियामेंट ने मुझे 12 जुलाई, 2017 को अपनी स्टेट ड्यूमा को संबोधित करने का विशिष्ट सम्मान पृदान किया।

मुझे आशा है कि हमारे द्विपक्षीय संबंधों की स्थापना के इस 70वें वर्ष के दौरान भारतीय शिष्टमंडल के रशियन फेडरेशन के इस दौरे से दो महान देशों के बीच परंपरागत मैत्री संबंधों को और अधिक मजबूती मिलेगी।

____